



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

**जुलाई–2021**

*अन्दर के पृष्ठों पर........*

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

### उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय पर कोविड-19 वैक्सीनेशन कैम्प

- दिनांक 14.06.2021: कोविड–19 महामारी से बचाव हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो कॉलोनी, महानगर, लखनऊ में आवासित परिवारों के 18 वर्ष से अधिक एवं 45 वर्ष से अधिक आयु के परिजनों के कोविड टीकाकरण हेतु टीकाकरण कैम्प उ0प्र0 पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी, कोविड वैक्सीनेशन, लखनऊ के सौजन्य से आयोजित किया गया जिसमें 157 परिजनों को ''कोवीशील्ड वैक्सीन'' के टीके लगाये गये।



- दिनांक 25.06.2021 : उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो कॉलोनी, महानगर, लखनऊ में आवासित परिवारों व मुख्यालय के कार्मिकों के 18 वर्ष से अधिक एवं 45 वर्ष से अधिक आयु के परिजनों के लिये कोविड टीकाकरण हेतु सम्पन्न टीकाकरण कैम्प में 147 परिजनों को ''कोवैक्सीन वैक्सीन'' के टीके लगाये गये।



- डॉ0 मृदुल सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा कोविड–19 संक्रमण के आरटी–पीसीआर परीक्षण हेतु एक दल ने पूरे समय उपस्थित रहकर टीकाकरण एवं परीक्षण का कार्य किया।

## सराहनीय कार्य

● निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 राष्ट्रपति, भारत गणराज्य | |
| 25–29.06.2021 | कानपुर कमिश्नरेट<br>कानपुर देहात,<br>लखनऊ कमिश्नरेट |
| मा0 राज्यपाल, उत्तर प्रदेश | |
| 26.06.2021 | कानपुर देहात |
| मा0 राज्यपाल, राजस्थान | |
| 11.06.2021 | वाराणसी |
| मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | |
| 26.06.2021 | कानपुर देहात |
| 18.06.2021 | वाराणसी, गोरखपुर |
| 16–17.06.2021 | गोरखपुर |

● दिनांक 03–04.06.2021: जिला नियंत्रण कक्ष, मुरादाबाद में रात्रि में 3–4 बदमाशों के रिट्ज डार्क स्लेटी रंग की गाड़ी संख्याः डीएल3सी0बी0यू0 230 में भागने की सूचना प्राप्त होने पर रात्रि ड्यूटीरत प्रधान परिचालक/5588, हेमराज सिंह द्वारा त्वरित गति से सर्वसम्बन्धित को सूचित कर सघन चेकिंग कराकर उक्त बदमाशों को कालाखेड़ा के जंगल के पास से पकड़वाया गया।

## उ0प्र0 शासन के आदेश/निर्देश

● अपर मुख्य सचिव, गृह, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्याः 723/17ए (4वर्ष)/2021 दिनांक 18.06.2021 के अनुपालन में पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाइयों द्वारा वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक किये गये सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों की पुस्तिका प्रचार–प्रसार हेतु तैयार किये जाने के सम्बन्ध में पुलिस दूरसंचार से सम्बन्धित विवरण दिनांक 23.06.2021 को भेजा गया।

## पुलिस मुख्यालय, उ0प्र0 के आदेश/निर्देश

● मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–तीन–विविध(कोरोना)2020 दिनांक 22.06.2021 एवं पत्र संख्याः डीजी–आठ–93(03) 2020–02 (शासन निर्देश) दिनांक 20.06.2021 द्वारा, गृह (गोपन) अनुभाग–3, लखनऊ के आदेश संख्याः 729/2021–सीएक्स–3 दिनांक 30.05.2021 में उल्लिखित कोरोना कर्फ्यू के दृष्टिगत गतिविधियों को प्रारम्भ करने सम्बन्धी दिशा–निर्देशों के क्रम में मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के आदेश संख्याः 1054/2021–सीएक्स–3 दिनांक 16.06.2021 द्वारा जारी, विस्तृत दिशा–निर्देश समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष/पुलिस आयुक्त आदि को अनुपालनार्थ प्रेषित किये गये हैं।

## उ0प्र0पु0 रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

● राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन के पुलिस रेडियो मेल संख्याः पी–466/2015 (पार्ट–3) दिनांक 29.06.2021, द्वारा पुलिस विभाग की विभिन्न शाखाओं एवं जनपद में नियुक्त कतिपय कार्मिकों द्वारा उन्हें प्रदत्त दण्डादेशों को विविध माध्यमों से अपास्त कर दिये जाने का उल्लेख करते हुए उन्हें कनिष्ठ की तिथि से पदोन्नति प्रदान करने तथा सही वरिष्ठता निर्धारित किये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही का अनुरोध सीधे उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को प्रत्यावेदन प्रस्तुत कर किये जाने का उल्लेख करते हुए, अपेक्षा की गयी है कि जब तक किसी कार्मिक के बारे में मा0 न्यायालय आदि के विशिष्ट आदेश न हों, सामान्य स्थिति में किसी भी कार्मिक द्वारा भर्ती बोर्ड को सीधे अपना प्रार्थनापत्र/प्रत्यावेदन प्रेषित न किया जाय एवं यदि किसी कार्मिक द्वारा ऐसा किया जाता है तो इसे सरकारी सेवक आचरण नियमों का उल्लंघन मानते हुए उसके विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में सभी कार्मिकों को अवगत कराया जाना अपेक्षित है।

## मा0 राष्ट्रपति, भारत गणराज्य का भ्रमण

● दिनांक 25.06.2021 से 29.06.2021 तक मा0 राष्ट्रपति, भारत गणराज्य का कानपुर कमिश्नरेट, कानपुर देहात एवं लखनऊ कमिश्नरेट में भ्रमण एवं प्रवास कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस हेतु रेडियो मुख्यालय से वायरलेस सेट व उपकर्मिकायें निर्गत की गयीं। अपेक्षानुसार सीसीटीवी उपकरणों की व्यवस्था करायी गयी। मा0 राष्ट्रपति जी के कार्यक्रम, भ्रमण एवं प्रवास के दौरान पुलिस संचार व्यवस्था के पर्यवेक्षण हेतु नोडल अधिकारी नामित करते हुए उनका मार्गदर्शन भी किया गया।

रेडियो मुख्यालय से उपलब्ध/डायवर्ट कराये गये उपकरण/स्टाफः

| जनपद | स्टैटिक/मोबाइल सेट | हैण्ड हैल्ड सेट | सीसीटीवी सिस्टम | स्टाफ |
|---|---|---|---|---|
| कानपुर कमिश्नरेट | – | 150 | 08 CCTV with accessories | 42 |
| कानपुर देहात | 60 | 125 | – | 30 |
| लखनऊ कमिश्नरेट | – | 100 | – | – |

नोडल अधिकारीः

| जनपद | नोडल अधिकारी |
|---|---|
| कानपुर कमिश्नरेट | श्री राजेन्द्र कुमार, अपर राज्य रेडियो अधिकारी, कानपुर ज़ोन, कानपुर |
| कानपुर देहात | श्री अनूप कुमार, सहायक रेडियो अधिकारी, बाँदा |
| लखनऊ कमिश्नरेट | श्री जय प्रकाश सिंह, सहायक रेडियो अधिकारी, लखनऊ |

मा0 राष्ट्रपति की देश के प्रथम नागरिक के तौर पर पहचान होती है। अतः माननीय की सुरक्षा प्रोटोकॉल के दृष्टिगत रेल यात्रा में पड़ने वाले सभी जनपदों यथा गौतमबुद्धनगर, गाज़ियाबाद, बुलन्दशहर, अलीगढ़, आगरा, इटावा, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव व लखनऊ के पुलिस संचार के पर्यवेक्षणकर्ता अधिकारियों को भी संचार व्यवस्था की स्थापना व सघन चेकिंग हेतु निर्देशित किया गया। उक्त ड्यूटी हेतु उन्नाव में श्री एस0के0 सिंह, सहायक रेडियो अधिकारी, सुल्तानपुर को जनपदीय संचार व्यवस्था का प्रभारी तथा श्री बाबू राम यादव, अपर राज्य रेडियो अधिकारी को लखनऊ ज़ोन के जनपदों की सम्पूर्ण संचार व्यवस्था का प्रभारी/नोडल अधिकारी बनाया गया।

## कल्याणकारी कार्य


● पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में जून–2021 में 145 कार्मिकों का उपचार किया गया। चिकित्सक से आवश्यक परामर्श द्वारा दूरभाष भी प्रदान कराया गया।

● अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय भवन, लखनऊ के पत्र संख्याः कल्याण 12/ए–150 (कोविड–19)–2020 दिनांक 23.05.2021 द्वारा कोविड– 19 की रोकथाम, उपचार व उससे बचाव के लिये कार्यरत पुलिस कार्मिकों की संक्रमण से मृत्यु की दशा में उनके आश्रितों को अनुग्रह धनराशि रु0 50.00 लाख जिलाधिकारी द्वारा स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में अपेक्षित अद्यावधिक सूचना दिनांक 24.05.2021 को प्रेषित की गयी।

● <u>कोविड–19 संक्रमण से बचाव के उपाय</u>: पुलिस रेडियो कॉलोनी, महानगर, लखनऊ में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश नियंत्रित है। कॉलोनी के गेट पर ड्यूटी लगायी गयी है। मुख्यालय/कॉलोनी के प्रवेश द्वारों पर प्रवेशकर्ताओं की डिस्टेंट थर्मल स्केनिंग करायी जा रही है। मुख्यालय पर जनपदों से सेट जमा/एकत्र/मरम्मत हेतु आने वाले वाहनों के सेनेटाइज़ेशन व चालकों की थर्मल स्केनिंग करायी जा रही है।

● <u>कोविड–19 से संक्रमित पुलिस रेडियो स्टाफ का विवरण</u>:

| रेडियो मुख्यालय/ज़ोन | Total cases | Ist Phase | IInd Phase (After 29.03.21) |
|---|---|---|---|
| रेडियो मुख्यालय | 104 | 47 | 57 |
| कानपुर | 18 | 9 | 9 |
| बरेली | 19 | 9 | 10 |
| आगरा | 15 | 6 | 9 |
| मेरठ | 38 | 17 | 21 |
| प्रयागराज | 24 | 12 | 12 |
| वाराणसी | 29 | 21 | 8 |
| लखनऊ | 77 | 47 | 30 |
| गोरखपुर | 34 | 17 | 17 |
| यूपी–112 | 28 | 10 | 18 |
| अन्य(परिवहन/लिपिक/सेफसिटी) | 5 | 4 | 1 |
| योग | 391 | 199 | 182 |




## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव-2021 के उपरान्त सेट/उपकरण जमा कराया जाना

- प्रदेश में चार चरणों में सम्पन्न त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव–2021 हेतु महाराष्ट्र, राजस्थान एवं DCPW, New Delhi से प्राप्त वायरलेस सेट एवं उपकर्मिकायें जनपदों को उपलब्ध करायी गयीं थीं। इनको रेडियो मुख्यालय पर एकत्र कर सम्बन्धित को वापस किये जाने की कार्यवाही रेडियो मुख्यालय पर, कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, दिनांक 01.06.2021 से निम्नानुसार करायी गयी है–

| क्र. | जनपद | दिनांक | स्टैटिक सेट | हैण्ड हैल्ड सेट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कानपुर देहात | 01.06.2021 | 108 | – |
| 2 | औरैया | 01.06.2021 | 105 | – |
| 3 | फतेहगढ़ | 02.06.2021 | 126 | 80 |
| 4 | कानपुर नगर | 02.06.2021 | 10 | – |
| 5 | जालौन | 03.06.2021 | 84 | – |
| 6 | झाँसी | 03.06.2021 | 10 | – |
| 7 | ललितपुर | 03.06.2021 | 50 | – |
| 8 | रायबरेली | 04.06.2021 | 10 | – |
| 9 | उन्नाव | 04.06.2021 | 144 | – |
| 10 | हरदोई | 04.06.2021 | 10 | – |
| 11 | सोनभद्र | 05.06.2021 | 100 | 84 |
| 12 | मीरजापुर | 05.06.2021 | 136 | – |
| 13 | भदोही | 05.06.2021 | 10 | – |
| 14 | बाराबंकी | 07.06.2021 | 130 | – |
| 15 | गाजीपुर | 07.06.2021 | 163 | 132 |
| 16 | अमेठी | 08.06.2021 | 10 | – |
| 17 | चन्दौली | 08.06.2021 | 60 | – |
| 18 | जौनपुर | 08.06.2021 | 10 | – |
| 19 | सिद्धार्थनगर | 09.06.2021 | 143 | – |
| 20 | अम्बेडकरनगर | 09.06.2021 | 142 | 105 |
| 21 | बस्ती | 10.06.2021 | 168 | 135 |
| 22 | संतकबीरनगर | 10.06.2021 | 10 | – |
| 23 | बलरामपुर | 10.06.2021 | 88 | – |
| 24 | कुशीनगर | 11.06.2021 | 135 | 125 |
| 25 | देवरिया | 11.06.2021 | 190 | – |
| 26 | गोरखपुर | 11.06.2021 | 10 | – |
| 27 | मऊ | 12.06.2021 | 100 | 67 |
| 28 | बलिया | 12.06.2021 | 107 | – |
| 29 | बहराइच | 14.06.2021 | 170 | 164 |
| 30 | श्रावस्ती | 14.06.2021 | 10 | – |
| 31 | अयोध्या | 14.06.2021 | 10 | – |
| 32 | हमीरपुर | 15.06.2021 | 110 | |
| 33 | महोबा | 15.06.2021 | 10 | |
| 34 | बाँदा | 15.06.2021 | 109 | 90 |
| 35 | फतेहपुर | 16.06.2021 | 179 | |
| 36 | कौशाम्बी | 16.06.2021 | 137 | 106 |
| 37 | प्रयागराज | 16.06.2021 | 10 | |
| | कुल योग | | 3114 | 1088 |

- दिनांक 25.06.2021: पश्चिम बंगाल में पीएसी कण्टीजेण्ट के साथ भेजे गये 72 स्टैटिक/मोबाइल सेट तथा 300 हैण्ड हैल्ड सेट जनपद वाराणसी द्वारा रेडियो मुख्यालय पर जमा कराये गये।
- प्रदेश में चार चरणों में सम्पन्न त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव–2021 हेतु, राजस्थान से प्राप्त 800 वायरलेस सेट एवं उपकर्मिकायें राजस्थान भेजने हेतु दिनांक 22.06.2021 को आगरा के दल को सौंपे गये।

## प्रशिक्षण

- पुलिस रेडियो कार्मिकों के व्यवसायिक ज्ञान एवं व्यवहारिक दक्षता में अभिवृद्धि तथा राजकीय कार्य में गुणवत्तापूर्ण योगदान हेतु, उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय से द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यशालायें, सप्ताह में 04 कार्य दिवसों में, प्रत्येक दिवस पर समय 1500 बजे से 1630 बजे तक दिनांक 07.12.2020 से आयोजित करायी जा रही हैं। दिनांक 17.05.2021 से 04 नये विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।

## सेवानिवृत्ति

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो से जून–2021 में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर निम्न 31 कार्मिक सेवानिवृत्त हुए–

1. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री यशपाल सिंह, बिजनौर, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री योगेश कृष्ण, फिरोजाबाद, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अनूप कुमार मिश्रा, अयोध्या, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री विजय शंकर सिंह, मऊ, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री कृष्ण कुमार, रेडियो मुख्यालय, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मनोज कुमार शर्मा, चतुर्थ वाहिनी, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रामायण सिंह यादव, वाराणसी, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राजेन्द्र कुमार सक्सेना, रेडियो मुख्यालय, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अनिल कुमार सिंह, लखनऊ, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अवधेश कुमार सिंह, फतेहगढ़, 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शैलेन्द्र कुमार, मथुरा, 12. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री कृष्ण मोहन सहाय, रेडियो मुख्यालय, 13. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री दिलीप कुमार बाजपेई, रेडियो मुख्यालय, 14. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री खालिद जुबैर, लखनऊ, 15. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री विजय सिंह, बिजनौर, 16. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री पारस नाथ तिवारी, रेडियो मुख्यालय, 17. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री पवन कुमार त्रिपाठी, गोरखपुर, 18. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राकेश कुमार शुक्ल, रेडियो मुख्यालय, 19. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राजेश्वर दयाल, आगरा, 20. रेडियो उपनिरीक्षक, श्रीउबैदुर्रहमान, बस्ती, 21. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री दीपक श्रीवास्तव, झॉसी, 22. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री वकार हुसैन सिद्दीकी, रेडियो मुख्यालय, 23. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री जगमोहन सिंह, रेडियो मुख्यालय, 24. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अशोक कुमार कौशल, फिरोज़ाबाद, 25. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री चन्द्रभान, प्रयागराज, 26. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री नन्दन सिंह, रेडियो मुख्यालय, 27. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री भूपेन्द्र सिंह, रेडियो मुख्यालय, 28. उपनिरीक्षक लिपिक, श्री रामभूषण यादव, रेडियो मुख्यालय, 29. प्रधान परिचालक/ 3082, श्री तनवीर अहमद, बाराबंकी, 30. प्रधान परिचालक यॉत्रिक/4537, श्री हरिहर राम विश्वकर्मा एवं 31. अर्दली प्यून, श्री मो0 इब्राहिम, रेडियो मुख्यालय।



सेवानिवृत्त हुए सभी 31 कार्मिकों को सम्मान–पत्र प्रदान करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी गयी।

## श्रद्धांजलि

- दिनांक 14.06.2021: जनपद मुरादाबाद में नियुक्त रहे रेडियो उपनिरीक्षक, अरविन्द राजपूत का कोरोना संक्रमित होने के कारण अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में उपचाररत रहते हुए असामयिक निधन हो गया।



उ0प्र0 पुलिस रेडियो के समस्त कार्मिक स्व0 राजपूत के आसमयिक निधन पर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए इनके परिवारीजन को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने का सम्बल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

न्यूज़ लेटर
उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

## जनवरी–मई 2021 में 08 ज़ोन में किये गये उल्लेखनीय कार्य

- 75 जनपदों में पोलनेट 2.0 प्रणाली अधिष्ठापित करायी गयी।
- 75 जनपदों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व मतगणना सम्पन्न करायी गयी।
- 113 स्थानों पर बने बाढ़ केन्द्रों पर वायरलेस सेट लगाये गये।

### ☞ आगरा ज़ोन

- 8 जनपदों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व मतगणना सम्पन्न कराये गये।
- पश्चिम बंगाल चुनाव ड्यूटीः 04 कार्मिक भेजे गये।
- कोविड–19: आगरा में 8 व मैनपुरी में 10 स्थानीय पीए सिस्टम का अधिष्ठापन किया गया।
- 05 बाढ़ केन्द्रों पर वायरलेस सेट अधिष्ठापित कराये गये।

### ☞ बरेली ज़ोन

- 9 जनपदों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व मतगणना सम्पन्न कराये गये।
- पश्चिम बंगाल चुनाव ड्यूटीः 03 कार्मिक भेजे गये।
- मेले/त्योहारः बारावफात, होली, नवनिर्मित हवाई अड्डा का उदघाटन, सेल्हा बाबा मेला तथा छोटे व बड़े लाट साहब के जुलूस पर पुलिस संचार हेतु व्यवस्था कीं।
- कोविड–19: मुरादाबाद में 34 व रामपुर में 19 स्थानीय पीए सिस्टम अधिष्ठापित किये। शाहजहाँपुर व पीलीभीत में कोविड कन्ट्रोल रुम संचालन में मदद की। बरेली में ऑक्सीजन टैंकर्स को सेफ पेसेज दिया।
- वीआईपी भ्रमण कार्यक्रमः 04 कार्यक्रम सम्पन्न कराये।
- 15 बाढ़ केन्द्रों पर वायरलेस सेट अधिष्ठापित कराये गये।
- कुम्भ मेला हरिद्वारः 03 कार्मिक ड्यूटी हेतु भेजे।
- अन्य महत्वपूर्ण कार्यः मुरादाबाद में दिनांक 15.02.3021 को सामूहिक विवाह कार्यक्रम हेतु 30 वायरलेस सेट व 04 सीसीटीवी अधिष्ठापित कराये। शाहजहाँपुर में मा0 राज्यपाल के विनोबा भावे सेवा आश्रम तथा बरेली में मा0 मुख्य मंत्री के कोविड कमाण्ड सेण्टर भ्रमण पर संचार व्यवस्था कायम की।

### ☞ गोरखपुर ज़ोन

- 11 जनपदों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व मतगणना सम्पन्न कराये गये।
- पश्चिम बंगाल चुनाव ड्यूटीः 02 कार्मिक भेजे गये।
- मेले/त्योहारः खिचड़ी मेला, पुलिस भर्ती सेल, शिव मन्दिर झारखण्डी, होली, बुढ़िया माई मन्दिर, इटहिया मन्दिर, लेहडा मन्दिर व देवीपाटन मन्दिर पर वायरलेस सेट व सीसीटीवी लगाये।
- कोविड–19: महाराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बस्ती में पीए सिस्टम का अधिष्ठापन किया। कुशीनगर, देवरिया, बस्ती व गोण्डा में कोविड कन्ट्रोल रुम संचालन में मदद की।
- 21 बाढ़ केन्द्रों पर वायरलेस सेट अधिष्ठापित कराये गये।

### ☞ लखनऊ ज़ोन

- 11 जनपदों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व मतगणना सम्पन्न कराये गये।
- पश्चिम बंगाल चुनाव ड्यूटीः 13 कार्मिक भेजे गये।
- मेले/त्योहारः ईद, 19वीं व 21वीं रमजान तथा महाशिवरात्रि पर अयोध्या व लोधेश्वर मन्दिर पर वायरलेस सेट व सीसीटीवी लगाये।
- कोविड–19: सभी जनपदों में पीए सिस्टम से सन्देश प्रसारित किये गये।
- 15 बाढ़ केन्द्रों पर वायरलेस सेट अधिष्ठापित कराये गये।
- वीआईपी भ्रमण कार्यक्रमः 03 कार्यक्रम सम्पन्न कराये।

### ☞ कानपुर ज़ोन

- 8 जनपदों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व मतगणना सम्पन्न कराये गये।
- पश्चिम बंगाल चुनाव ड्यूटीः 18 कार्मिक भेजे गये।
- मेले/त्योहारः महाशिवरात्रि पर परमट मन्दिर, हजारी महादेव मन्दिर व देवकली मन्दिर; रामनगरिया मेला तथा गंगा मेला पर वायरलेस सेट व सीसीटीवी लगाये।
- कोविड–19: कुली बाजार व लोहा मण्डी में सीसीटीवी कैमरे लगाये।
- 19 बाढ़ केन्द्रों पर वायरलेस सेट अधिष्ठापित कराये गये।
- वीआईपी भ्रमण कार्यक्रमः 10 कार्यक्रम सम्पन्न कराये।
- अन्य महत्वपूर्ण कार्यः मा0 मुख्य मंत्री के बण्डई बाँध परियोजना के लोकार्पण पर संचार व्यवस्था कायम की।

### ☞ मेरठ ज़ोन

- 8 जनपदों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व मतगणना सम्पन्न कराये गये।
- पश्चिम बंगाल चुनाव ड्यूटीः 04 कार्मिक भेजे गये।
- मेले/त्योहारः महाशिवरात्रि पर ब्रह्मनान भईपुर मेला व औघड़नाथ मन्दिर पर पुलिस संचार हेतु व्यवस्था कीं।
- कोविड–19: मेरठ, हापुड़, बुलन्दशहर, सहारनपुर में कोविड कन्ट्रोल रुम पर सेट लगाये। पीए सिस्टम से सन्देश प्रसारित किये।
- वीआईपी भ्रमण कार्यक्रमः 06 कार्यक्रम सम्पन्न कराये।
- 07 बाढ़ केन्द्रों पर वायरलेस सेट अधिष्ठापित कराये गये।
- अन्य महत्वपूर्ण कार्यः मा0 मुख्य मंत्री के शिल्पहाट व बुनकर भवन, नोयडा भ्रमण पर संचार व्यवस्था कायम की। किसान आन्दोलन के दृष्टिगत गाजीपुर बॉर्डर, गाज़ियाबाद पर कन्ट्रोल रुम व 15 सीसीटीवी कैमरे लगाये। हापुड़ में 103 जनपदीय सीसीटीवी कैमरों का रख–रखाव किया गया।

### ☞ प्रयागराज ज़ोन

- 8 जनपदों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व मतगणना सम्पन्न कराये गये।
- पश्चिम बंगाल चुनाव ड्यूटीः 07 कार्मिक भेजे गये।
- मेले/त्योहारः होली, माघ मेला, पौष/माघ मास अमावस्या मेला व शबे–बरात पर पुलिस संचार हेतु व्यवस्था कीं।
- कोविड–19: प्रतापगढ़ में कोविड हेल्प डेस्क स्थापित की। प्रयागराज स्मार्ट सिटी योजना के 204 पीए सिस्टम द्वारा कोविड से बचाव सम्बन्धी सन्देश प्रसारित किये।
- वीआईपी भ्रमण कार्यक्रमः 04 कार्यक्रम सम्पन्न कराये।
- 11 बाढ़ केन्द्रों पर वायरलेस सेट अधिष्ठापित कराये गये।
- अन्य महत्वपूर्ण कार्यः माघ मेला, प्रयागराज में 06 स्नान पर्व, 650 वायरलेस सेट, 150 हैवी ड्यूटी बैटरी, 48 सीसीटीवी कैमरों के अतिरिक्त 60 स्थानीय सीसीटीवी कैमरों का 160 कार्मिकों की मदद से सकुशल अधिष्ठापन/संचालन कर, सम्पन्न कराये गये। प्रयागराज स्मार्ट सिटी योजना के 1027 सीसीटीवी द्वारा कोरोना कर्फ्यू संचालन व अपराधियों की वीडियो सर्विलान्स का कार्य कराया गया।

### ☞ वाराणसी ज़ोन

- 8 जनपदों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व मतगणना सम्पन्न कराये गये।
- पश्चिम बंगाल चुनाव ड्यूटीः ज़ोन से 25 कार्मिक भेजे गये। वाराणसी से 76 कार्मिकों का कण्टीजेण्ट मय संचार उपकरण इत्यादि रवाना कराया।
- मेले/त्योहारः चैत्र नवरात्रि मेला पर विन्ध्यवासिनी धाम व शैलपुत्री मन्दिर, महाशिवरात्रि पर मारकण्डेय महादेव, शूलटंकेश्वर, रामेश्वर मन्दिर, व महाहर धाम तथा रविदास जयन्ती पर वायरलेस सेट व सीसीटीवी लगाये।
- कोविड–19: मीरजापुर व बलिया में 10–10 स्थानीय पीए सिस्टम अधिष्ठापित कराये। चन्दौली व बलिया में कोविड कन्ट्रोल रुम संचालन में मदद की।
- वीआईपी भ्रमण कार्यक्रमः 10 कार्यक्रम सम्पन्न कराये।
- 20 बाढ़ केन्द्रों पर वायरलेस सेट अधिष्ठापित कराये गये।
- अन्य महत्वपूर्ण कार्यः मा0 राष्ट्रपति, भारत के दिनांक 14–15.03.2021 के मीरजापुर/सोनभद्र/वाराणसी भ्रमण पर संचार व सीसीटीवी व्यवस्था कायम की।

लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।